फाइल सं./FILE NO: -ए-35020/05/2022-आईएसटीएम
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान
INSTITUTE OF SECRETARIAT TRAINING & MANAGEMENT
(एक आईएसओ9001:2015 संस्था / AN ISO 9001:2015 INSTITUTION)
कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग / DEPARTMENT OF PERSONNEL & TRAINING
कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय / MINISTRY OF PERSONNEL PUBLIC GRIEVANCES & PENSIONS

दिनांक: 18 अगस्त, 2022

सेवा में,

1. सचिव, सभी मंत्रालय/विभाग, भारत सरकार
   (मानक सूची के अनुसार)

विषय:- सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान, नई दिल्ली में उप निदेशक (वित्तीय प्रबंधन) के एक संकाय पद और सहायक निदेशक (अंग्रेजी आशुलिपि और टंकण) के दो संकाय पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के संबंध में।

महोदया/महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम), एक केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान नई दिल्ली ने निम्नलिखित संकाय पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरे जाने हेतु प्रस्ताव रखा है:-

क्रम सं.	पदनाम	रिक्ति संख्या	वेतन मैट्रिक्स में वेतन लेवल	पात्र वर्ग
1.	उप निदेशक (वित्तीय प्रबंधन)	01	लेवल 11 (67700-208700 रू.)	केंद्र सरकार में कार्यरत अधिकारी
2.	सहायक निदेशक (अंग्रेजी आशुलिपि और टंकण)	02	लेवल 8* (47600-151100 रू.)	(i) केंद्रीय सचिवालय सेवा के समूह 'ख' अधिकारी; या (ii) केंद्रीय सरकार के अधीन आशुलिपिक:

* अधिकारी, जिन्हें स्तर 10 में गैर-कार्यात्मक चयन ग्रेड (एनएफएसजी) प्रदान किया गया है, भी आवेदन करने के पात्र हैं और चयनित होने पर उन्हें उस वेतन स्तर में वेतन बनाए रखने की अनुमति दी जाएगी।

2. चयनित अधिकारी भारत सरकार द्वारा समय-समय पर यथा निर्धारित दर पर आहरित अपने मूल वेतन पर **'प्रशिक्षण भत्ता'** प्राप्त करने के पात्र होंगे। उक्त उल्लिखित पद के लिए अपेक्षित पात्रता शर्तें, अर्हताएं और अनुभव तथा अन्य विवरण **अनुलग्नक-I (क), I (ख)** में दिए गए हैं।

जारी पृ. 2........